भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1528

दिनांक 28.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत

पंजाब में उद्यम प्रोत्साहन योजनाएं

1528. श्री मलविंदर सिंह कंगः

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत दो वर्षों के दौरान पंजाब राज्य को मंत्रालय की विभिन्न औद्योगिक संवर्धन योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है;

(ख) आवंटित, स्वीकृत और जारी की गई निधियों का योजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पंजाब राज्य को अन्य राज्यों की तुलना में केन्द्रीय सहायता का आनुपातिक हिस्सा प्राप्त हुआ है यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार आवंटन में वृद्धि करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

भारी उद्योग राज्य मंत्री

(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)

(क) से (ग): सशक्त तथा वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी पूंजीगत वस्तु क्षेत्र के विकास के उद्देश्य से भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) ने दिनांक 25 जनवरी, 2022 को "भारतीय पूंजीगत वस्तु क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मकता संवर्धन स्कीम-चरण-II" अधिसूचित की है। यह एक अखिल भारतीय मांग-आधारित स्कीम है।

इस स्कीम के अंतर्गत वर्तमान परीक्षण एवं प्रमाणन अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से लुधियाना स्थित ऑटो पार्ट्स एवं हैंड टूल्स प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएएचटी) में विद्यमान परीक्षण एवं प्रमाणन सुविधा के उन्नयन हेतु एक परियोजना स्वीकृत की गई है। ₹10.15 करोड़ की कुल परियोजना लागत में से भारी उद्योग मंत्रालय के ₹8.12 करोड़ के अंशदान में से वित्त वर्ष 2024-25 में लगभग ₹2.86 करोड़ तथा वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग ₹1.42 करोड़ जारी किए जा चुके हैं।

(घ): ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****